हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार, 7 जून, 2025

11 जनसंघर्ष समिति ने सौंपा पीएमओ को ज्ञापन



12 बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारवान बनाना होगा...



**खबर संक्षेप**

### तोशाम हल्के के 40 गांव में दिया निमंत्रण

**भिवानी।** 11 जून को सिरसा में मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय सन्त शिरोमणि कबीर साहेब के 627वें प्रकट दिवस के उपलक्ष में हल्का तोशाम के करीबन 40 गांव में ग्रामीणों को समारोह में पहुंचने का निमंत्रण दिया। उल्लेखनीय है कि आगामी 11 जून को सिरसा की नई अनाज मंडी में संत शिरोमणि कबीर साहेब के 627वें प्रकट दिवस पर राज्य स्तरीय जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है।

### अपना घर वृद्ध सेवा धाम में बुजुर्गों ने लगाए पौधे

**तोशाम।** तोशाम के अपना घर वृद्ध सेवा धाम में विभिन्न बुजुर्गों ने पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने वृद्ध सेवा धाम प्रांगण में करीबन तीन दर्जन से अधिक पौधे लगाए। यह जानकारी देते हुए वृद्ध सेवा धाम के संचालक राजवीर पंघाल ने बताया कि आश्रम के बुजुर्गों ने पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए पौधारोपण तो किया ही है बल्कि अपने द्वारा रोपित पौधों का पालन-पोषण अर्थात देखरेख करने का भी संकल्प लिया है।

### सवा किलोग्राम गांजे के साथ तीन पकड़े

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी ने तीन आरोपियों को मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक किलो 252 ग्राम गांजा बरामद किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के उप निरीक्षक बलजीत सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी बासिया भवन भिवानी मौजूद थे जो पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई की तीन व्यक्ति सनसिटी मॉल में एक गाड़ी में नशीला पदार्थ लिए हुए हैं। पुलिस टीम ने रेड करके तीन आरोपियों को मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।आरोपियों की पहचान इशांत निवासी सेक्टर-23 भिवानी, भोपाल निवासी जजवंती जिला जींद व सूरज निवासी हालू मोहल्ला भिवानी के रूप में हुई है।

### हमला करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना शहर पुलिस भिवानी में व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। हनुमान गेट भिवानी निवासी महिला ने थाना शहर पुलिस भिवानी को चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसी मामले में उप निरीक्षक धर्मबीर ने व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के मामले में मुख्य आरोपी को हालू मोहल्ला भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान कुणाल पुत्र जय नारायण निवासी हालूवास गेट भिवानी के रूप में हुई है।

### बीटीएम चौक की बिजली सुबह नौ बजे से रहेगी बंद

**भिवानी।** शनिवार सात जून को 132केवी सब स्टेशन बीटीएम चौक की बिजली सप्लाई सुबह नौ बजे से 11 बजे तक बंद रहेगी। जेई पवन कुमार ने बताया कि शनिवार सात जून को 132केवी सब स्टेशन बीटीएम चौक में मरम्मत कार्य किया जाना हैं, जिसके चलते इसके अंतर्गत आने वाले कृष्णा कॉलोनी फीडर, नया बाजार फीडर, टीआईटी कॉलेज फीडर, हॉस्पिटल फीडर व बिजली निगम कॉलोनी फीडर की बिजली सप्लाई सुबह नौ बजे से 11 बजे तक बंद रहेगी। जेई पवन कुमार ने बताया कि कृष्णा कॉलोनी फीडर के अंतर्गत पूरी कृष्णा कॉलोनी, नया बाजार फीडर के अंतर्गत हांसी गेट, विजय नगर, चिरंजीवी कॉलोनी, नया बाजार फूलो वाला चौक, लुहारीवाला रोड व लम्बी गली की लाइट बंद रहेगी।

---

## पश्चिमी विक्षोभ ने हौसले उखाड़े तो मानसून की मार कैसे झेलेंगे सीवर व नाले

# शहर के सीवरेज और नाले हुए चॉक बरसाती पानी की निकासी पर ब्रेक

**15 के बाद प्री मानसून और 20 से 25 जून के बीच उत्तर भारत में मानसून की एंट्री की संभावना**





**भिवानी।** रामगंज मोहल्ला में गली में जमा बरसाती व सीवर का गंदा पानी व बड़चौक स्थित सतगुरू हीरो होंडा वर्कशॉप के सामने जमा बरसाती पानी। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

मौसम विभाग के अनुसार 15 जून के बाद प्री मानसून और 20 जून से 25 जून के बीच उत्तर भारत में मानसून की एंट्री हो सकती है। इस बार समय पर मानूसन आने से भारी बरसात होने की उम्मीद हैं, लेकिन शहर किस स्थिति से गुजरेगा, ये समय ही बताएगा। पश्चिमी विक्षोभ के चलते आई बारिश ने ही शहर के सीवरेज व नालों का दम उखाड़ दिया और सीवर व नाले चॉक होने से सड़कों व गलियों में बरसाती व गंदा पानी जमा हो गया हैं। वैसे तो नगर परिषद व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने सीवर व नालों की सफाई का काम शुरू कर दिया, लेकिन बैमौसमी बारिश ने शहर की हालत बद से बदत्तर बना दी तो प्री मानसून व मानसून में स्थिति क्या होगी, ये सोच शहरवासियों को कंपकपी चढ़ रही हैं और शहरवासी काफी परेशान हैं। उल्लेखनीय हैं कि हरियाणा में मानसून आमतौर पर जून के अंत या जुलाई की शुरुआत में पहुंचता है, लेकिन मौसम विभाग के अनुसार इस बार 20 जून से 25 जून के बीच उत्तर भारत में मानसून की एंट्री हो सकती है, जिसमें हरियाणा प्रदेश भी शामिल है। जिला प्रशासन के आदेशानुसार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने सीवर के मैनहॉल व बरसाती नालों की सफाई का कार्य शुरु कर दिया, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ की बारिश ने ही शहरवासियों की मुश्किल इतनी बढ़ा दी तो प्री मानसून व मानसून में शहर की हालत क्या होगी, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं। पश्चिमी विक्षोभ से आई बरसात को तीन दिन बीत चुके, लेकिन पानी ज्यों का त्यों गलियों व सड़कों पर जमा हैं।

### बरसात के समय अनेक वार्डों में होता जलभराव

पश्चिमी विक्षोभ से आई बरसात ने ही शहर की हालत खस्ता कर दी हैं तो प्री मानसून व मानसून की बरसात में शहर की हालत कैसी होगी, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं। मानसून के दौरान अनेक वार्डों में जलभराव की समस्या बनती हैं और क्षेत्रवासी परेशानियों से जूझते हैं। नाले व सीवरेज के मैनहॉल में गंदगी से जमा होने से बरसात के समय पानी सड़क व गलियों में जमा होता हैं और क्षेत्र में बीमारी फैलने का अंदेशा बना रहता हैं। उक्त समस्या को लेकर क्षेत्रवासी नप व जिला प्रशासन को बार बार अवगत करवा चुके, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हैं।

### गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं वाहन चालक

बाबा लोहड़पीर व हीरापुरी मंदिर के निकट अक्सर सीवर व नाला ओवरफ्लो होने से सड़क पर गंदा पानी जमा रहता हैं, जिसकी वजह से आए दिन दुपहिया वाहन चालक पानी व उसमें बने गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। क्षेत्रवासी दिनेश गौड़, प्रशांत व उमाकांत ने बताया कि क्षेत्र में अनेक शिक्षक संस्थान होने के कारण स्कूली बच्चों, स्टाफ सदस्यों, राहगीरों व वाहन चालकों को गंदे पानी के बीच से ही गुजरना पड़ता हैं, जिसकी वजह से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। इसके अलावा बरसात आ जाती हैं तो स्थिति ओर भी गंभीर एवं दयनीय हो जाती हैं।

### नालों की करवाई जा रही सफाई: भवानी

नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले भोजावाली देवी माता मंदिर, फैंसी चौक, लिबर्टी सिनेमा, शिक्षा मार्ग, सराय चौपटा, नया बाजार, दादरी गेट से जैन चौक, रविदास मंदिर से बाबा लोहड़ पीर, चौधरी बंसीलाल पार्क से हालुवास गेट मुक्ति धाम रोड सहित अनेक बरसाती नालों की सफाई का कार्य करवाया जा रहा हैं। इस संबंध में नप ने कर्मचारियों की पांच टीमें गठित कर रखी हैं, जो नालों की सफाई में जुटी हुई हैं और नालों से गाद निकाल रही हैं, जिसे ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से डंपिंग प्वाइंट पर डाला जाएगा। बरसात के समय शहरवासियों को पानी जमा होने की समस्या का सामना नहीं करने दिया जाएगा, बशर्ते जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सीवरेज व्यवस्था दुरूस्त रखें।

**भवानी प्रताप सिंह**, चेयरपर्सन प्रतिनिधि, नगर परिषद भिवानी

---



**भिवानी।** पदक विजेता को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

## मिट्टी की महक से सुनहरे पदक तक, बेटी की जीत का सम्मान

- राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में खुशी घणघस ने जीता स्वर्ण पदक, घणघस खाप ने किया जोरदार स्वागत
- बेटियों के हौसले, संघर्ष और सफलता का उत्सव है खुशी का सम्मान समारोह: घणघस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जब बेटियां अपने सपनों को पसीने और संघर्ष से सींचती हैं, तब इतिहास बनता है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है मेहंदा गांव की बेटी खुशी घणघस ने, जिन्होंने 30 मई से एक जून तक महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित हुई राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में 70 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।

उनकी इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में गांव धनाना में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें घणघस खाप के हरियाणा प्रधान काला, राष्ट्रीय उपप्रधान नरेश मांढ़ी व गांव धनाना निवासी घणघस खाप के राष्ट्रीय प्रवक्ता नफे सिंह घणघस, सत्यवन उर्फ कच्छू धनाना सहित अनेक लोगों ने स्वर्ण पदक खुशी घणघस को सम्मानित किया। ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ बेटी का स्वागत किया गया। गांव धनाना निवासी घणघस खाप के राष्ट्रीय प्रवक्ता नफे सिंह घणघस ने कहा कि स्वर्ण पदक विजेता खुशी घणघस का परिवार मूल रूप से गांव धनाना के निवासी है, जो फिलहाल गांव मेहंदा में रह रहे है। उन्होंने बताया कि खुशी में बचपन से ही कुश्ती के प्रति जुनून था। उन्होंने कहा कि खुशी ने यह साबित कर दिखाया है कि अगर इरादा मजबूत हो, तो किसी भी मंच पर जीत पाई जा सकती है। ये तो बस शुरुआत है। उन्होंने कहा कि यह समारोह सिर्फ एक पदक के सम्मान का नहीं था, बल्कि बेटियों के हौसले, संघर्ष और सफलता का उत्सव था। वही स्वर्ण पदक विजेता खुशी घणघस ने कहा कि यह पदक सिर्फ उनका नहीं, मेरे कोच, माता-पिता और हर उस लडक़ी का है जो सपने देखने से डरती है। उन्होंने कहा कि वे चाहती है कि उनकी तरह ही हर बेटी को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलना चाहिए।

---

## दलित बस्तियों में सुविधाएं नहीं

- अनुसूचित बस्तियों में उनकी समस्याओं के लिए चलाया जाएगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




**भिवानी।** मीटिंग में चर्चा करते दलित अधिकार मंच के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

शहीद भगतसिंह यादगार भवन में जिला सहसंयोजक शीला बलियाली की अध्यक्षता में दलित अधिकार मंच की जिला कार्यकारिणी बैठक सम्पंन हुई। बैठक में दलित बच्चों की छात्रवृति, दलित मुद्दों पर कार्यशाला का आयोजन बारे में विस्तृत चर्चा हुई। दलित छात्रवृत्ति सर्वे का अभियान चलाया जाएगा। दलित बस्तियों में उनकी समस्याओं के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद जिला स्तर पर उपायुक्त के मार्फत मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। समस्याओं का निदान नही हुआ तो सितम्बर माह में जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं का शिक्षा शिविर का आयोजन किया जाएगा। मीटिंग में राज्य सहसयोंजक सोहनदास ने बताया कि सरकार दलित मुद्दों व समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया अपना रही है। दलित बस्तियों में पीने के पानी, सीवरेज व बिजली की समस्याओं का भण्डार लगा हुआ है, जिनको दूर करने में भाजपा सरकार का रवैया ढुलमूल का रहा है। मीटिंग में शीला जाटू लुहारी, अनिल, बलवान दहिया, धर्मपाल मिताथल, धर्मबीर गुजरानी, हरिसिंह लोहानी, सुरजीत आसलवास मरेठा, राजाराम, सुखदेव पालुवास, उपासना सिंह आदि मौजूद रहे।

---

## गुरु दक्ष जयंती समारोह की सौंपी जिम्मेदारी

- कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवानी ने लोक निर्माण विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं को दी गुरु दक्ष के राज्य स्तरीय जयंती समारोह की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा को सम्मानित करते नप के पूर्व वाईस चेयरमैन मामन चंद। *फोटो: हरिभूमि*

प्रदेश के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा लोक निर्माण विश्रामगृह में पहुंचे। उन्होंने 13 जुलाई को भिवानी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय गुरु दक्ष जयंती समारोह की तैयारी को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गंगवा ने कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि पिछले साल गुरु दक्ष महाराज की राज्य स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन हिसार में किया गया था, अब की बार गुरु दक्ष राज्य स्तरीय जयंती समारोह भिवानी में 13 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय जयंती समारोह ऐतिहासिक एवं यादगार होगा। प्रदेश भर से लोग गुरु दक्ष जयंती समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने राज्य स्तरीय जयंती समारोह में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने के लिए जरूरी दिशा निर्देश भी दिए और जिम्मेदारी लगाई। लोक निर्माण विश्रामगृह के बाद उन्होंने राज्य स्तरीय जयंती समारोह के आयोजन के लिए पशु मेला ग्राउंड का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि दक्ष जयंती समारोह बहुत ही व्यवस्थित ढंग से आयोजित किया जाएगा, जिसमें नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इस मौके पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, नगर परिषद के वाइस चेयरमैन मामन चंद,रमेश टाक, राजेश कुमार, रमेश कुमार, महावीर मोखरा, सुंदर जांगड़ा, सतपाल ठेकेदार, जयपाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

---

## एसडीएम ने किया पीएचसी का औचक निरीक्षण

- नदारद मिले दो कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही को लिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

उपमंडल में लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित कराने को लेकर इन दिनों लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण अभियान चला रखा है।

उसी कड़ी में शुक्रवार को एसडीएम मनोज दलाल ने ढिगावा पीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र के दो कर्मचारी अनुपस्थित मिले तथा केंद्र को ताला लटका मिला। ड्यूटी से नदारद मिले दोनों कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिए विभाग के उच्चाधिकारियों को लिखा गया है। एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि कर्तव्य के प्रति कोताही को किसी भी सूरत में सहन नही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ढिगावा पीएचसी का निरीक्षण करते हुए वहां तैनात एमपीएचडब्ल्यू सत्येंद्र और मनीषा अनुपस्थित मिले हैं। उन्होंने बताया कि पहले भी ये कर्मचारी निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले थे। उन्होंने बताया कि दोनों कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिए उच्चाधिकारियों को लिख दिया गया है। एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि प्रदेश सरकार आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के प्रयासरत है। इसलिए सरकार द्वारा जरूरतमंद गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र व वेलनेस हेल्थ सेंटर स्थापित किए गए। कई गांव में डिलीवरी हट भी बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र , पीएचसी, सीएचसी व अस्पतालों में स्टाफ का समय पर उपस्थित पाया जाना आवश्यक है।

---

## 12 तक होंगे दाखिले के आवेदन

**चरखी दादरी।** पर्यटन क्षेत्र व्यवसाय और कैरियर के लिए बेहतरीन विकल्प साबित हो सकता है। युवा वर्ग इस क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए विभिन्न कोर्स भी कर सकते हैं और 12वीं कक्षा उपरांत आतिथ्य और पर्यटन के क्षेत्र से जुड़कर नए आयाम स्थापित कर सकते हैं।

इसी क्रम में पर्यटन विभाग द्वारा रोहतक के तिलियार झील पर स्थित होटल प्रबंधन संस्थान ने विद्यार्थियों के दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 12 जून है। संस्थान के प्रिंसिपल इंचार्ज संजीव ने बताया कि आईएचएम में सत्र 2025 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। संस्थान में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली द्वारा 3 वर्षीय बीएससी होटल मैनेजमेंट तथा डेढ़ वर्षीय फूड एंड बेवरेज सर्विस, फूड प्रोडक्शन, बेकरी डिप्लोमा में दाखिले जारी है। पेशेवर पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेकर विद्यार्थी आतिथ्य और पर्यटन के क्षेत्र में अपने करियर को नई उड़ान दे सकते हैं। संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्र विश्व में सबसे तेजी से बढ़ते उद्योगों में से एक है, जो होटल एयरलाइन, फास्ट फूड चेन, रिटेल आउटलेट, भारतीय रेलवे, पर्यटन बोर्ड और स्वरोजगार की राह आसान करता है।

---

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता आठ को राज्य स्तरीय 15 जून को होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर आयुष व खेल विभाग ब्लॉक, जिला व राज्य स्तरीय योगा प्रतियोगिता का आयोजन करवा रहा है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 8 जून को और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 15 जून को होगी। खेल प्रशिक्षक बिजेंद्र ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला व राज्य स्तरीय योगा प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है।

8 जून को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का अयोजन होगा, जिसमें ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाडी भाग लेंगे। 15 जून को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता करवाई जाएगी। इसमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाडी भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग लड़के व लड़कियों के लिए वृक्षासन, वक्रासन, चक्रासन, पश्चिमोत्तानासन, सरल नटराज आसन, 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग लड़के व लड़कियों के लिए धनुरासन, गरूडासन, बध-पद्मासन, शलभासन, अर्ध मत्स्येन्द्रासन, 18 से 28 वर्ष आयु वर्ग लड़के व लड़कियों के लिए हलासन, पश्चिमोत्तानासन, सरल नटराज आसन, उत्तनपादासन, उष्ट्रासन को रखा गया है।

---

### विधायक ने नींव की ईंट रखवाकर कार्य का कराया शुभारंभ

## 43 लाख की लागत से पक्का होगा खेतों का रास्ता

- सार्वजनिक कार्यो के लिए सरकारी खजाने लबालब : कपूर वाल्मीकि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** हांसी रोड से घिरावठी की ढाणी तक के मार्ग को पक्का करवाने के कार्य की नीवं रखवाते विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि। *फोटो: हरिभूमि*

अब गांव लोहारी जाटू के किसानों के दिन फिरने वाले है। अब उनको पानी व किचड़ के बीच से होकर खेतों में नहीं जाना पड़ेगा। चूंकि गांव लोहारी जाटू के खेतों का (खेत खलिहान योजना से) सबसे लम्बा रास्ता (54 किले लंबा) पक्का होने का कार्य शुरू हो गया।

हालांकि पहले चरण में उक्त रास्ते पर करीब 43 लाख रुपये की लागत से 25 किले दूरी तक रास्ता तैयार किया जाएगा। उसके बाद आगे का रास्ते को पक्का करवाए जाने का प्रस्ताव तैयार होगा। इसी क्रम में विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने गांव लोहारी जाटू के हांसी रोड पहुंचकर नीवं की ईंट लगवाकर कार्य का शुभारंभ करवाया। इस दौरान विधायक ने अपने हाथों से वहां पर मौजूद किसानों का मुंह मीठा करवाया। बाद में किसानों ने बाकी बचे रास्ते को पक्का करवाए जाने को लेकर विधायक श्री वाल्मीकि को मांग पत्र सौंपा। इस पर विधायक ने बाकी बचे रास्ते का शीघ्र एस्टीमेट बनवाकर पास करवाए जाने का भरोसा दिलाया। विधायक के भरोसे के बाद किसानों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। यहां यह बताते चले कि जिस रास्ते को पक्का करवाए जाने का कार्य शुरू करवाया है।

### विकास कार्यों के लिए सरकारी खजाने लबालब

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि सार्वजनिक कार्यो के लिए सरकारी खजाने पूरी तरह से लबालब है। बशर्ते लोग सार्वजनिक कार्य लेकर आए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश का चहुंमुखी विकास करवा रही है। पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि बवानीखेडा हलके के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। बवानीखेड़ा कस्बे के साथ साथ जितने भी ग्रामीण इलाके है। उनमें विकास कार्यो की कमी नहीं रहने दी जाएगी। खासकर किसानों को तमाम तरह की सुविधाएं दी जा रही है। इस मौके पर बवानीखेड़ा नगरपालिका चेयरमैन सुंदर अत्री, विधायक के छोटे भाई राकेश वाल्मीकि, पूर्व सरपंच ओमबीर सिंह, जयदेव तंवर,सरपंच प्रतिनिधि मुकेश कुमार, अजीत नम्बरदार, जितेंद्र कुमार(शीशन),पींकू तिगड़ाना, मनोज कुमार, हरकेश, पप्पु, हरपाल, ऋषिपाल, नेपाल सिंह, घिरावठी की ढाणी से अजीत, , ऋषि वाल्मीकि, रमेश सिवाच मिताथल आदि मौजूद रहे।

कुत्तों की दृष्टि इंसानों से ज्यादा साफ होती है। लेकिन रंगों में भेद करना उनके लिए कठिनाई का सबब है।

चूहों के गुणा होने की गति इतनी तीव्र है कि वे महज 18 महीनों में 2 लाख से ज्यादा वंशज पैदा कर सकते हैं।

# इन क्षेत्रों में भविष्य में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

पूरी दुनिया में हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी आ रही है। सभी देश आए दिन नई-नई तकनीकी आविष्कार कर रहे हैं। धीरे-धीरे जमाना बदल रहा है। विज्ञान के बल पर हर दिन नए-नए आविष्कार हो रहे हैं। आज का दौर डिजिटाइजेशन का दौर है। हर कोई इंटरनेट से कनेक्ट है। ऐसे में लोग अपने लिए नौकरी भी इसी फील्ड में ढूंढ रहे हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि सबसे ज्यादा ग्रोथ इसी क्षेत्र में है. क्लाउड कंप्यूटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन जैसी नौकरी आज से 5 साल पहले नहीं थी पर वर्तमान में सबसे ज्यादा मांग इन्हीं नौकरियों की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने के बाद काम और भी आसान हो गया है।

## चाहिए प्रतिभा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस धीरे-धीरे सभी वर्तमान की जॉब्स को खत्म कर देगा। हम लोगों को भी समय के साथ चलना होगा और आने वाले समय में जिसकी डिमांड होगी उसी क्षेत्र में हमें जाना होगा। आने वाले 5 सालों में क्या-क्या बदलने जा रहा है। किन-किन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा जॉब के स्कोप होंगे । अब हम देख पा रहे है इस प्रकार की नौकरी सामने आ रही है जिसमें कोई स्पेशल डिग्री नहीं चाहिए होती। बस आपके अंदर प्रतिभा होनी चाहिए। अगर आप अपनी प्रतिभा का पूर्णता उपयोग करेंगे तो आप खूब पैसा कमा सकते हैं। इसका अर्थ है कि आने वाले समय में आपकी डिग्री को नहीं बल्कि आपकी स्किल को महत्व दिया जाएगा। यह देखा जाएगा कि आप किसी काम को करने में कितने सक्षम है और उसे कितने बेहतर तरीके से कर सकते हैं।



## डेटा साइंटिस्ट

जमाना काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिजनेस करने के मानक भी बदल रहे हैं। किसी भी बिजनेस की ग्रोथ के लिए उसे बिजनेस के बारे में ग्राहक को पूरी जानकारी होना अनिवार्य है। जब तक कस्टमर को ही बिजनेस के बारे में नहीं पता होगा वह किस प्रकार आपका बिजनेस को समझ पाएगा। ऐसे में सबसे पहले आपको ऐसा तरीका अपनाना होगा जिसके जरिए आप अपने ग्राहकों तक अपने व्यापार के बारे में पूरी जानकारी आसानी से पहुंचा पाए। यानी कि आपका ग्राहकों को आपके व्यापार के बारे में सब कुछ पता होना चाहिए। हम जितना ज्यादा इंटरनेट चला रहे हैं उतनी ज्यादा जानकारी हम बड़ी से बड़ी कंपनियों को दे रहे है। इस कारण डाटा साइंटिस्ट और एनालिस्ट की डिमांड तेजी से बढ़ रही है. जो ग्राहक की जानकारी को समझ कर सही तरीके से प्रोडक्ट उसको प्रदर्शित कर पाये। किसी भी कंपनी को अगर आज के समय में टॉप पर आना है तो उसके लिए ग्राहक की जानकारी और उसे डाटा को सही तरीके से एनालाइज करना बहुत जरूरी है।

## इन क्षेत्रों में भी भारी डिमांड

### हेल्थकेयर

हम जितनी गति से आगे बढ़ रहे हैं उतनी ही तेजी से अपने शरीर को खराब कर रहे हैं। आज के समय में हर किसी को कोई ना कोई बीमारी है। कोई भी पूर्ण तरह स्वस्थ नहीं है। यही वजह है कि आज के समय में छोटी से छोटी बीमारी बहुत बड़ी बन जाती है। ऐसे में हेल्थ केयर फील्ड में अलग-अलग प्रकार की नौकरी की डिमांड आ रही है। बीमारिया ज्यादा लोगों को अपना शिकार बना रही है और उसकी अपेक्षा डॉक्टरी सुविधाएं कम है। इसके साथ ही हर आने वाले दिन नए-नए दवाई और नई-नई बीमारी की खोज हो रही है. आने वाले 5 साल में डॉक्टर की डिमांड बहुत तेजी से बढ़ाने वाली है और यह डिमांड हमेशा रहने वाली है क्योंकि इंसान जितनी तेजी से तरक्की करेगा वह उतनी ही ज्यादा बीमारियों से घिरेगा। ऐसे में इस फील्ड में भी जॉब का काफ़ी स्कोप है।

### फाइनेंस एडवाइजर

जैसे-जैसे इंसान तरक्की कर रहा है उसके पास पैसा भी उपलब्ध हो रहा है। अगर आपके पास पैसा है तो आपकी खरीदने की क्षमता भी बढ़ रही है। आजकल लोग पहले के मुकाबले काफी खरीदारी कर रहे हैं। हर बाजार में प्रोडक्ट की खपत काफी तेजी से हो रही है। इस कारण से लोगों को अपना पैसा कैसे खर्च करना चाहिए कैसे बचना चाहिए इसकी समझ होना बहुत अनिवार्य है। वर्तमान समय में फाइनेंस एडवाइजर के तौर पर काम करके आप अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं। इस क्षेत्र में आप लोगों को कंसल्टेंसी दे सकते हैं कि उन्हें अपना पैसा कहां जमा करना चाहिए और किस तरह से खर्च करना चाहिए। इस बढ़ते महंगाई के दौर में हम अपना पैसा सिर्फ सेविंग अकाउंट में रखकर नहीं बढ़ा सकते। ऐसे में आपको शेयर बाजार म्युचुअल फंड और अलग-अलग क्षेत्र के बारे में लोगों को बताना चाहिए। काफी लोग इस क्षेत्र में भी तरक्की कर रहे हैं क्योंकि उन्हें दिख रहा है कि इस फील्ड में जॉब का अच्छा स्कोप है।

### साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट

आजकल ऑनलाइन फ्रॉड के मामले काफी बढ़ गए हैं। साइबर क्राइम की वजह से लोगों को काफी लूटा जा रहा है। अगर आप साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट बन जाते हैं तो आपकी डिमांड हर कंपनी और हर तरह के क्षेत्र में होगी। साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट होने के बाद आप हैकिंग को रोक सकते हैं और अलग-अलग कंपनी में साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट के रूप में काम करके मोटा पैसा कमा सकते हैं।

## कंप्यूटर के माध्यम से भेजे जाने वाली कोई भी इनफार्मेशन कहलाती है डाटा

# डाटा साइंस नये जमाने का सबसे ज्यादा चमकता करियर, आने वाला भविष्य इसी का

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

दुनिया में बढ़ती सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी के कारण आज के समय में छात्रों के लिए डाटा साइटिंस्ट बनना बेस्ट करियर ऑप्शन हो सकता है। आज के समय में यह क्षेत्र जॉब और सैलरी के मामले में टॉप 5 में गिना जाता है, वहीं आने वाला भविष्य भी इसी का होगा। अगर आप डाटा साइटिंस्ट बनना चाहते हैं और इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आज हम आपको देंगे ऐसे टिप्स, जिससे आप इस क्षेत्र में बेहतर करियर बना सके।

### क्या है डाटा

कंप्यूटर के माध्यम से भेजे जाने वाले किसी भी तरह की इनफार्मेशन को हम डाटा कह सकते हैं। डाटा की अलग-अलग डेफिनेशन हो सकती है, लेकिन मतलब एक ही होता है। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की मेमोरी में डाटा फोटो, वीडियो, सॉफ्टवेयर, गेम्स आदि हो सकते हैं या डाटा ऐसे तथ्य हो सकते हैं जो किसी व्यक्ति के मस्तिष्क के

### डाटा साइंस

डाटा साइंस हम उसे कह सकते हैं जिसके तहत किसी भी डाटा का विश्लेषण कर उसकी जानकारी निकाल सकें। आज के समय में कंप्यूटर विज्ञान का एक हिस्सा है, डाटा साइंस सांख्यिकी गणित, सांख्यिकी, सूचना सिद्धांत, सूचना प्रौद्योगिकी आदि जैसे कई क्षेत्रों में सिद्धांतों और तकनीकों का उपयोग करता है।

### डाटा साइटिंस्ट के स्किल

डाटा साइटिंस्ट बनने के लिए आपके पास कई स्किल का होना जरूरी है, जिसमें से मुख्य रूप से मैथ, कंप्यूटर साइंस, मैनेजमेंट, अपीयर मैथ से डिग्री व डिप्लोमा जरूरी है। साथ ही आपको सांख्यिकीय मॉडलिंग और व्यवहार्यता की भी जानकारी होनी चाहिए। इसके अलावा आपको पाइथन, जावॉ, रा, सास, जैसी प्रोगामिंग लैंग्वेज की भी जानकारी होनी चाहिए।

### सीखना जारी रखें

एक डाटा साइटिंस्ट वह है जो कच्चे डाटा से जानकारी निकालना जानता है, और उस जानकारी को व्यवसाय में उपयोग करने योग्य बनाता है। अधिकांश डाटा साइटिंस्ट डाटा इकट्ठा करने और सफाई करने में बहुत समय बिताते हैं, क्योंकि डाटा कभी भी साफ नहीं होता है। अगर आपको भी एक अच्छा डाटा साइटिंस्ट बनना है तो अपने डिग्री प्रोग्राम के दौरान आपने जो स्किल सीखा है, उसका प्रैक्टिस करते रहें।

### जॉब के ऑप्शन

इसका कोर्स करने के बाद आपके लिए कई जॉब ऑप्शन मौजूद हैं। जहां आप इंफॉर्मेशन ऑफिसर, डाटा एनालिस्ट, सॉफ्टवेयर टेस्टर, डाटा साइंटिस्ट, सीनियर इंफॉर्मेशन एनालिस्ट, सीनियर डाटा ऑफिसर, बिजनेस एनालिस्ट और सहायक एनालिस्ट के पद पर काम करके करियर बना सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी रोजगार के बहुत चांस हैं। यहां आप बैंक, बीमा कंपनी, ई-कॉमर्स, टेलीकॉम, फाइनेंस, यूटिलिटी, हॉस्पिटल, कंस्ट्रक्शन प्लान, ऑयल या गैस कंपनी, मैन्युफेक्चरिंग कंपनी, ट्रांसपोर्टेशन जैसी बहुत सी जगहों पर रोजगार मिलने की संभावनाएं हैं।

## इस कोर्स में मिलते कई जॉब ऑप्शन



### डिग्री का स्तर बढ़ाएं

डाटा साइटिंस्ट का जॉब जितना अच्छा है, उतना टफ भी। इस क्षेत्र में कार्य करने वाले करीब 88 फीसदी डाटा साइटिंस्ट के पास कम से कम मास्टर डिग्री है, वहीं 46 फीसदी के पास पीएचडी है। डाटा साइटिंस्ट बनने के लिए बहुत मजबूत शैक्षिक पृष्ठभूमि की आवश्यकता होती है।

### नौकरी ढूंढते समय रखें ध्यान

आज के समय में हर बड़ी कंपनी को डाटा साइटिंस्ट की जरूरत पड़ती है। पढ़ाई पूरी होने के बाद जब आप नौकरी ढूंढने जाएं तो इस बात का ध्यान रखें कि उसी कंपनी में जॉब करें, जिसका मार्केट में नाम हो, इससे जहां आपको अच्छी सैलरी मिलेगी, वहीं कई चीजें सीखने को भी मिलेंगी, यहां से दूसरी कंपनी में जाने पर भी इस कंपनी का नाम आपके काम आएगा।


### बेसिक से शुरूआत करें

यदि आप इस क्षेत्र में अच्छा ज्ञान या अनुभव प्राप्त करने के साथ करियर बनाना चाहते हैं, तो बेसिक से शुरूआत करें, क्योंकि बेसिक से ही आप इस क्षेत्र को अच्छी तरह समझ सकते हैं, यदि आप सीधे एडवांस स्तर को समझना चाहते हैं, तो यह संभव नहीं है। यह आपको आगे चलकर नुकसान ही देगा।

### इन क्षेत्र में लें डिग्री

डाटा साइंटिस्ट बनने के लिए आप कंप्यूटर साइंस, सोशल साइंस, फिजिकल साइंस और स्टैटिस्टिक्स में बैचलर डिग्री हासिल कर सकते हैं। इससे आपको अच्छी जॉब के चांस ज्यादा मिलेंगे। अध्ययन के सबसे आम क्षेत्र में गणित और सांख्यिकी 32 फीसदी, है, वहीं कंप्यूटर विज्ञान में 19 और इंजीनियरिंग में 16 फीसदी है। इनमें से किसी भी पाठ्यक्रम में डिग्री आपको बड़े डाटा को संशोधित करने और विश्लेषण करने के लिए आवश्यक स्किल देगी।

## इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन कॅरियर को दें नई दिशा



आज के समय में इंटरनेट का इस्तेमाल तो सभी लोग करते हैं, लेकिन अगर सोच-समझकर इंटरनेट का इस्तेमाल किया जाए। तो यह कमाई का एक बेहतरीन जरिया बन सकता है। हांलाकि आपने भी देखा होगा कि आज के समय़ में बहुत से लोग सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के तौर खूब शोहरत हासिल कर रहे हैं। वहीं इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन लोग लाखों कमा रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि इसमें अपना कॅरियर बना शानदार कमाई कर सकते हैं। वर्तमान समय में अपनी नौकरी के साथ लोग सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी काफी अच्छे से हैंडल कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अच्छी रीच और ज्यादा एक्टिव रहने वाले अकाउंट्स को ब्रांड प्रमोशन आदि को अच्छा खासा-पैसा मिलता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर आप अपने कॅरियर की शुरूआत कैसे करें।

### टाइम मैनेजमेंट है जरूरी

जब भी आप नौकरी करते हैं, तो इसमें आपके काम करने का रूटीन फिक्स होता है। लेकिन जब बात सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की होती है, तो इसमें आपको अपने काम की सीमा खुद तय करनी होती है। फोन व लैपटॉप के जरिए आपको अपना काम करना होता है। ऐसे में आपको भी अपने काम की सीमा खुद तय करनी होगी। जिससे कि आप सोशल मीडिया के अलावा अन्य कामों को भी पर्याप्त समय दे सकें।

### फिक्स्ड इनकम

जब आप कोई नौकरी करते हैं, तो हर महीने के आखिरी में आपके बैंक अकाउंट में एक फिक्स्ड इनकम आ जाती है। लेकिन बतौर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर आपको कोई फिक्स्ड सैलरी नहीं मिलती है। आपकी इनकम ब्रांड प्रमोशन आदि पर निर्भर करती है। इसलिए शुरूआत में आपको नौकरी के साथ इस काम को करना चाहिए। ताकि आपका खर्चा आसानी से चलता रहे। वहीं सोशल मीडिया पर हर इंफ्लुएंसर का एक-दूसरे से अलग होना जरूरी है। इसलिए आपको ओरिजिनल आइडिया पर काम करने के साथ एडिटिंग आदि भी सीखनी चाहिए।

### बेस्ट एडिटिंग एप्प

इस फील्ड के लिए कई एडिटिंग एप्प मौजूद हैं। इन में मुख्य रूप से इनशॉट एप, कैनवा, काइन मास्टर, फिल्मोरा आदि हैं। इनको सीखकर हम अपने लिए इस क्षेत्र में काम शुरू कर सकते हैं और अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

# आसान करियर सही करियर नहीं, मेहनत रंग लाती है और बेहतर इंसान बनाती है



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया और रील्स ने हमारी जिंदगी को बहुत हद तक प्रभावित किया है। हर दिन हम इंस्टाग्राम, यूट्यूब या टिकटॉक पर रील्स देखते हैं, जहां लोग रातों-रात स्टार बनते दिखते हैं, लग्जरी लाइफ जीते नजर आते हैं, और आसानी से पैसा कमाते दिखते हैं। लेकिन यह चमक-दमक और तथाकथित ₹आसान पैसा₹ अक्सर एक भ्रामक तस्वीर पेश करता है। सच्चाई यह है कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली चमकदार जिंदगी और आसान पैसा अक्सर भ्रामक होता है, और यह आपको गलत रास्ते पर ले जा सकता है। आज के समय में, सोशल मीडिया पर रील्स बनाना और तुरंत मशहूर होने का सपना बहुत आम हो गया है। आप देखते हैं कि लोग कुछ सेकंड की वीडियो बनाकर लाखों फॉलोअर्स और ढेर सारा पैसा कमा रहे हैं।

## कड़ी मेहनत और लगातार काम करने की जरूरत

सच्चाई यह है कि सोशल मीडिया पर सफलता पाने के लिए भी कड़ी मेहनत, रचनात्मकता, और लंबे समय तक लगातार काम करने की जरूरत होती है। जो लोग रील्स बनाकर सफल दिखते हैं, उन्होंने इसके पीछे घंटों मेहनत, प्लानिंग, और असफल प्रयास किए होते हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर सिर्फ उनकी चमकती हुई जिंदगी दिखाई जाती है, न कि उनके संघर्ष। यह भ्रामक तस्वीर आपको यह सोचने पर मजबूर करती है कि मेहनत के बिना ही सब कुछ हासिल हो सकता है।

**पैसे का भ्रामक लालच** : सोशल मीडिया पर दिखाया जाने वाला पैसा और लग्जरी लाइफ अक्सर एक जाल होता है। बहुत से लोग यह दिखाते हैं कि उन्होंने रील्स बनाकर आसानी से लाखों कमा लिए, लेकिन वे यह नहीं बताते कि

- सोशल मीडिया पर स्थिर आय के लिए सालों की मेहनत लगती है। फॉलोअर्स बढ़ाना, कंटेंट बनाना, और दर्शकों का भरोसा जीतना एक लंबी प्रक्रिया है।
- सभी को सफलता नहीं मिलती। लाखों लोग रील्स बनाते हैं, लेकिन केवल कुछ ही सफल हो पाते हैं। यह एक जोखिम भरा रास्ता है।
- पैसे की चमक अस्थायी हो सकती है। सोशल मीडिया पर ट्रेंड्स बदलते रहते हैं, और आज जो लोकप्रिय है, वह कल पुराना हो सकता है। इसके अलावा, कई बार लोग सोशल मीडिया पर अपनी जिंदगी को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हैं। वे किराए की कारों, उधार के कपड़ों, या फर्जी लाइफस्टाइल के जरिए यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि वे बहुत अमीर हैं। यह भ्रामक तस्वीर युवाओं को गलत रास्ते पर ले जाती है, जहाँ वे मेहनत और शिक्षा को छोड़कर तुरंत पैसे कमाने के चक्कर में पड़ जाते हैं।

**मेहनत ही असली रास्ता है** : सोशल मीडिया पर दिखने वाली आसान सफलता आपको यह सोचने पर मजबूर कर सकती है कि मेहनत की जरूरत नहीं है। लेकिन सच यह है कि मेहनत ही वह नींव है, जो आपको लंबे समय तक टिकने वाली सफलता देती है। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या यहाँ तक कि एक सफल कंटेंट क्रिएटर बनना चाहते हों, मेहनत के बिना कुछ भी हासिल नहीं होता। उदाहरण के लिए, कई बड़े यूट्यूबर्स या इंफ्लुएंसर्स, जैसे कि भुवन बाम या कैरी मिनाटी, आज भले ही लाखों कमाते हों, लेकिन उनकी सफलता के पीछे सालों की मेहनत, लगातार कंटेंट बनाना, और असफलताओं से सीखना शामिल है। उन्होंने आसान रास्ता नहीं चुना उन्होंने मेहनत की और अपने कौशल को निखारा।

## रील्स अपने आप में गलत नहीं

**सोशल मीडिया को प्रेरणा के लिए इस्तेमाल करें**: उन लोगों की कहानियाँ देखें, जिन्होंने मेहनत से अपने सपनों को हासिल किया। उनके संघर्ष से प्रेरणा लें।

**रील्स को करियर का आधार न बनाएं** : रील्स बनाना एक शौक या अतिरिक्त आय का साधन हो सकता है, लेकिन इसे अपनी पूरी जिंदगी का आधार न बनाएँ। एक ठोस करियर के लिए शिक्षा और कौशल जरूरी हैं।

**भ्रामक चमक से बचें**: हर चमकती चीज सोना नहीं होती। सोशल मीडिया पर दिखने वाली लग्जरी लाइफ को सच न मानें।

**समय का सही उपयोग करें**: रील्स देखने में घंटों बर्बाद करने के बजाय, अपने लक्ष्य के लिए पढ़ाई और मेहनत पर ध्यान दें।

**अपने कौशल को निखारें**: अगर आप सोशल मीडिया पर कंटेंट बनाना चाहते हैं, तो रचनात्मकता, वीडियो एडिटिंग, और कम्युनिकेशन स्किल्स जैसी चीजें सीखें। यह भी मेहनत माँगता है। मेहनत आपको बेहतर इंसान बनाती है। जब आप मेहनत करते हैं, तो आप न केवल अपने करियर में सफल होते हैं, बल्कि एक बेहतर इंसान भी बनते हैं। मेहनत आपको धैर्य, अनुशासन, और आत्मविश्वास सिखाती है। सोशल मीडिया पर दिखने वाली तुरंत सफलता आपको ये गुण नहीं दे सकती।

## सामान्य ज्ञान

**1.** पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह है -
(ए) डिमोस
(बी) चन्द्रमा
(सी) टाइटन
(डी) लापेट्स

**2.** शांत समुद्र व तूफानों का महासागर कहाँ स्थित है ?
(ए) चंद्रमा
(बी) वरुण
(सी) बृहस्पति
(डी) शनि

**3.** सी ऑफ़ ट्रंक्विलिटी' कहाँ पर है?
(ए) पृथ्वी
(बी) सूर्य
(सी) जूपिटर
(डी) चन्द्रमा

**4.** चन्द्रमा पृथ्वी का एक चक्कर कितने दिनों में लगाता है ?
(ए) लगभग 28.1 दिन
(बी) लगभग 30.2 दिन
(सी) लगभग 27.3 दिन
(डी) लगभग 28.3 दिन

**5.** चन्द्रमा से पृथ्वी तक प्रकाश के पहुंचने में लगने वाला समय है -
(ए) एक सेकंड
(बी) एक सेकंड से कम
(सी) दो सेकंड से अधिक
(डी) दो सेकंड से कम

**6.** निम्नलिखित में से किस आकाशीय पिंड को 'पृथ्वी पुत्र' कहा जाता है ?
(ए) बुध
(बी) शुक्र
(सी) चन्द्रमा
(डी) मंगल

**7.** बृहस्पति का द्रव्यमान है, लगभग -
(ए) सूर्य के द्रव्यमान का 10वां भाग
(बी) सूर्य के द्रव्यमान का 1000वां भाग
(सी) सूर्य के द्रव्यमान का 100वां भाग
(डी) सूर्य के द्रव्यमान का आधा

**8.** आकाश का सबसे चमकदार तारा है -
(ए) प्रोक्सिमा सेंचुरी
(बी) बर्नार्ड
(सी)नेबुला
(डी)सिरियस

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(डी)

## नागरिक हस्पताल में पहले की तरह ओपीडी चालू करवाने की मांग

# जनसंघर्ष समिति ने सौंपा पीएमओ को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



नागरिक अस्पताल में दोबारा ओपीडी चालू करवाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

जन संघर्ष समिति भिवानी व शहर के गणमान्य नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय चौ. बंशीलाल नागरिक हस्पताल के पीएमओ बलवान सिंह से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई है कि नागरिक हस्पताल में पहले की तरह ओपीडी चलाई जाए, हस्पताल भवन में चारों लिफ्ट जर्जर और पूरी तरह से खराब हो चुकी है उनकी जगह चार नई लिफ्ट लगवाई जांए एवं हस्पताल के बाथरूम व टायलेट साफ सुथरे करवाए जाएं तथा साथ में लगती सरकूलर रोड साइड में लगती हस्पताल दीवार में सीवरेज लीकेज को ठीक करवाया जाए।

प्रतिनिधिमंडल में जनसंघर्ष समिति संयोजक व सीपीआईएम के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश, व्यापार मंडल के राज्य उपप्रधान देवराज महता, सुशील सरदाना प्रधान जिला दवा विक्रेता संघ, अजय महता, राजकुमार उर्फ राजू, राजेंद्र शर्मा, कैलाश जैन व संजय मुंजाल शामिल थे। उन्होंने कहा कि नागरिक हस्पताल के तमाम डाक्टर मेडिकल कालेज में भेज दिए, जबकि मैडिकल कालेज के लिए अलग से विशिष्ट डाक्टर व पारा मेडिकल स्टाफ भर्ती होना चाहिए था। अब मैडिकल कालेज में अत्याधिक भीड़ रहती है और नागरिक हस्पताल ठप्प करके रख दिया यह भिवानी की जनता के लिए ठीक नहीं है। चौ. बंशीलाल नागरिक हस्पताल एक समय में 500 बैड का सबसे अच्छा हस्पताल था। आज भी जांच की सभी मशीने, अप्रेशन रूम, लैब व मरीजों के लिए अलग अलग वार्ड बने हुए हैं और मरीजों को मैडीकल कालेज व हस्पताल के बीच कई चक्कर काटने पड़ जाते है, चारों लिफ्ट खराब होने से मरीजों व उनके तामीरदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हस्पताल के बाथरूम व टायलेट गंदगी से भरे पड़े हैं, आपात काल विभाग में भारी बदबू आ रही है। उन्होंने कहा कि यदि हस्पताल प्रशासन ने उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया तो 9 जून को चौ. बंशीलाल नागरिक हस्पताल बचाओ संघर्ष समिति भारी प्रदर्शन करके उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे।

### सौंपा मांगपत्र

**भिवानी।** हांसी को नया जिला बनाने की चर्चाएं शुरू होते ही भिवानी जिला के बवानीखेड़ा हल्के को इसका प्रमुख हिस्सा बनाए जाने की बात भी चल रही है। ऐसे में अनेक गांवों ने ऐतराज दर्ज करवाते हुए अपने क्षेत्र को भिवानी जिला में ही रखने की मांग उठानी शुरू कर दी है। शुक्रवार को गांव तिगड़ाना में तिगड़ी के लोगों ने उपायुक्त को मांगपत्र सौंपकर मांग की कि उनके क्षेत्र को भिवानी जिला में ही रहने दिया जाए। सरपंच सुरेंद्र ने कहा कि उनके क्षेत्र का सामाजिक प्रशासनिक संबंध भिवानी में ही है। हांसी नया जिला बनाया जाए, इससे उन्हे कोई ऐतराज नहीं है। लेकिन सुविधा की जगह यदि उन्हे परेशानी होती है तो इसके लिए वे किसी भी प्रकार का संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे। मांगपत्र के माध्यम सरपंच सुरेंद्र ने कहा गया कि भिवानी से तिगड़ाना गांव की दूरी मात्र 7 किलोमीटर है, जबकि हांसी जाने के लिए उन्हे 40 किलोमीटर लंबी यात्रा करनी पड़ेगी, इस कारण ग्रामीणों की परेशानी कई गुणा बढ़ जाएगी।

### निर्जला एकादशी पर दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में हवन यज्ञ और सेवा का संगम



हवन में आहुति डालते श्रद्धालु।

**भिवानी।** कोंट रोड स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर विशेष लावण्या अनुष्ठान और प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः हवन यज्ञ से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण, पर्यावरण शुद्धि और नशा मुक्ति की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित की। इसके पश्चात भगवान विष्णु और मां दुर्गा का विशेष जलाभिषेक किया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधक उर्मिला सैनी व पुजारी शुभम ने कहा कि निर्जला एकादशी आत्मसंयम और तप का पर्व है। उन्होंने कहा कि बिना जल के व्रत रखने से तन और मन दोनों की शुद्धि होती है। शास्त्रों में कहा गया है कि इस एक व्रत को करने से वर्ष भर की सभी एकादशियों का फल प्राप्त होता है। व्रत करने से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट होते हैं और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम की व्यवस्था और सेवा कार्यों में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के सदस्यों ने जल सेवा, फलाहार वितरण, प्रसाद व्यवस्था, पंडाल सजावट व सफाई व्यवस्था में पूरा सहयोग किया।

## समस्या का समाधान कर एटीआर पूर्ण रूप से अपडेट करें : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी महावीर कौशिक ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में समस्या का समाधान कर एटीआर स्पष्ट पूर्ण रूप से अपडेट करें ताकि समस्या मुख्यालय स्तर की समीक्षा में रिओपन ना हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका समाधान करें। समाधान के नाम पर खानापूर्ति ना करें। डीसी श्री कौशिक शुक्रवार को समाधान शिविर समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।

सभी विभागाध्यक्षों को समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान सहित पूर्ण रिपोर्ट साथ लेकर आए। उन्होंने कहा कि स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ से समाधान शिविरों की समीक्षा करते हैं, ऐसे में समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका समयबद्ध तरीके से समाधान करें।

उन्होंने कहा कि यदि कोई भी समस्या फिर से रिओपन होती है तो उसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समस्या के समाधान के बाद में आधा अधूरा जवाब ना भिजवाएं। समस्या के समाधान करने के बाद पोर्टल पर एटीआर दर्ज करें। एटीआर दर्ज करने से पहले अधिकारी उसको जरूर पढ़ें ताकि किसी प्रकार की गलती ना हो। इस दौरान एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल, सीटीएम अनिल कुमार, तहसीलदार सुरेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य आदि मौजूद।

## निर्जला एकादशी पर गोरक्षा दल ने शहर में गोवंश को सत्तू पिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



गौवंश को सतू पिलाने के अभियान की शुरूआत करते श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी।

हिंदु धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है तथा गौवंश की सेवा करना भगवान की सेवा के बराबर माना जाता है। इसी सोच के साथ निर्जला एकादशी पर शुक्रवार को गौवंश की सेवा का अभियान चलाते हुए गौसेवकों ने गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया, जिसके तहत शहरभर में बेसहारा गौवंश को गुड़ु व जौ के मिश्रण से बने आयुर्वेदिक सत्तू को पिलाया। अभियान को सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम के पीठाधीश्वर श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज ने हरी झंडी दिखाई।

इसके बाद गौरक्षकों ने शहरभर में घूमकर बेसहारा गौवंश को सत्तू पिलाया तथा हालुवास गेट स्थित नंदीशाला में अभियान का समापन किया। अभियान के तहत शहरभर के सैंकड़ों बेसहारा गौवंश को सत्तू पिलाया गया। बता दे कि सत्तू को श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज द्वारा गुड़, जौ व हल्दी सहित विभिन्न आर्युवैदिक औषधियों से बनाया था, जिससे गौवंश की रोग प्रतिरोधकक्ष क्षमता बढ़ने के साथ ही उनकी पाचन शक्ति में भी वृद्धि होती है। डॉ. अशोक गिरी ने कहा कि श्रीसनातन धर्म में निर्जला एकादशी के दिन पानी पिलाने को सबसे बड़ा पुण्य का कार्य माना जाता है तथा पुण्य उस समय और अधिक बढ़ जाता है, जब सेवा गौवंश की हो। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को सच्चे धर्म के साथ चलकर गौ सेवा करना चाहिए। उन्होंने गौरक्षा दल के अभियान की सराहना करते हुए सभी लोगों को गौ सेवा करने का आह्वान किया। गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने कहा कि जब भी धर्म-कर्म की बात आती है तो इंसान सिर्फ दूसरे इंसान की सेवाभाव की सोच रखता है, जबकि धर्म-कर्म के नाम पर गौवंश की सेवा करने का विचार सबसे पहले आना चाहिए। इस अवसर पर दीपू नाई, रमन, साहिल लोहार, दिन्नू शर्मा, आदि, पाल्लू, नीरज, यश, कृष्णा, रोहित, मनीष, रांझा, मोनू, मोनू कालिया, लाला, सांडा, कृष्णा, हिमांशु, अमन हालवास, बॉबी, रिंकू, विनय, कुकी परमार आदि मौजूद रहे।

### प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण पर कार्यक्रम का आयोजन

**भिवानी।** सीबीएलयू की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी के दिशा निर्देशन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण एवं इतिहास विभाग द्वारा गांव प्रेम नगर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के शिवाजी कॉलेज के पर्यावरण विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ अश्वनी शर्मा, बतौर वक्ता डीन अर्थ एवं पर्यावरण साइंस प्रो संजीव कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम के संयोजक एवं डीएलएसए कॉर्डिनेटर इतिहास विभाग से प्रोफेसर रविप्रकाश थे। सरपंच राजेश बुरा एवं ग्राम पंचायत की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ अश्वनी शर्मा ने कहा कि मानव जीवन को पृथ्वी पर बचाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है और पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक पेड़ लगाने,जल संरक्षण करने,कचरा प्रबंधन,प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करने आदि का युवाओं को संकल्प दिलाया। उन्होंने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के गुर सिखाए।

## संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के 5वें दिन किया कंस वध की कथा का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



मंदिर में आयोजित सत्संग में प्रवचन करते हुए।

युवा जागृति एवं एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में बालयोगी महंत चरणदास के सान्निध्य में आयोजित करवाई जा रही संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के 5वें दिन कथा व्यास श्रीपाल दास ने कंस वध की कथा का वर्णन किया। पुजारी ध्यानदास महाराज ने बताया कि इस दौरान भारी तादात में श्रद्धालुगण मौजूद रहे तथा कथा का रसपान किया। कथा के दौरान बताया गया कि किस प्रकार बाल-गोपाल से लेकर युवा श्रीकृष्ण तक की यात्रा में अनेक लीलाएं हुई और अंततः मथुरा जाकर भगवान श्रीकृष्ण ने अत्याचारी मामा कंस का संहार किया। जैसे ही कंस वध का दृश्य आया, संगीत और कथा के समन्वय ने माहौल को रोमांचक और भक्तिमय बना दिया।

प्रवचनों की ऐसी प्रस्तुती दी कि श्रोता भक्ति रूपी सागर में डुबकियां लगाने लगे। ध्यान दास के प्रवचन सुनकर हर किसी के मुख से भगवान श्री कृष्ण का नाम ही निकलने लगा। कथा के साथ साथ संगीत की ऐसी तान छेड़ी कि हर किसी की गर्दनें मटकने लगी। कंस वध के प्रसंग को प्रस्तुत करते हुए कथा व्यास श्रीपाल दास ने कहा कि जब अधर्म अपने चरम पर होता है, तब भगवान को अवतार लेना ही पड़ता है। कंस केवल अत्याचारी राजा नहीं था, बल्कि धर्म और मानवता के लिए एक खतरा बन चुका था। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत कथा ना केवल धार्मिक आस्था को जागृत करती है, बल्कि समाज को धर्म, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देती है। सत्य के मार्ग पर ही चलकर एक स्वच्छ समाज की स्थापना की कल्पना की जा सकती है। प्रवचन समाप्ति तक श्रद्धालुओं की भीड़ जमी रही।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

बम्पर इनामी योजना-2025

नाम.................................................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी.................................................
पता.................................................तहसील.......................पिन.......................
जिला .......................... फोन नं. .............................. एजेंट का नाम ..............................

सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन

नियम व शर्तें

**हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 -** 5 फरवरी 2025 से 5 अगस्त 2025 की अवधि के लिए है। ▶▶| **बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा।** ▶▶| योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित प्रपत्र पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ▶▶| **हर माह के दो सामान्य कूपन चिपकाना अनिवार्य है।** ▶▶| फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होंगे। ▶▶| राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ▶▶| हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ▶▶| यदि किसी पुरस्कार पर टी. डी. एस. की कटौती लागू होगी तो विजेता को टी.डी.एस. का भुगतान स्वंय करना होगा। ▶▶| वाहनों के एक्स शोरूम की कीमत को हरिभूमि द्वारा वहन किया जायेगा और अन्य खर्च विजेता को देने होंगे। ▶▶| हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ▶▶|किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ▶▶| चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ▶▶| हरिभूमि की पहले से चल रही किसी भी स्कीम का पाठक **बम्पर इनामी योजना-2025** में शामिल नहीं किया जाएगा। ▶▶| हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। ▶▶| प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 सितम्बर 2025 होगी। ▶▶| पूर्णरूप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीक के हरिभूमि कार्यालय या मुख्य कार्यालय में स्वंय अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवाएं। ▶▶| किसी भी कूपन और प्रपत्र की फोटोप्रति मान्य नहीं होगी। ▶▶| अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार नहीं होंगे। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जायेगा। ▶▶| ड्रॉ निकालने की तिथि 5 अक्टूबर 2025 होगी। ▶▶| विजेताओं की सूची 10 नवम्बर से समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी। ▶▶| प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय रोहतक से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ▶▶| सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपनी फोटो पहचान पत्र की फोटो प्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करनी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें।

हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी, फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

**खबर संक्षेप**



## निर्जला एकादशीः मीठा जल, छोले-भटूरे बांटे

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में एकादशी के अवसर पर अलग-अलग पंडाल व स्टाल लगाकर सामाजिक व धार्मिक लोगों ने मिलकर किसी ने मीठा व ठंडा जल बांटा तो किसी ने हर वर्ष की भांति गोलगप्पे फ्री में खिलाए तो किसी ने छोले भटूरे वितरित किए। उल्लेखनीय है कि बवानी खेड़ा में हर वर्ष एकादशी के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## रणबीर गंगवा का दिया जागरण का निमंत्रण

**भिवानी।** जीण मां के लाडले जनसेवा समिति के सदस्यों ने प्रधान सतनाम सैनी के नेतृत्व में भिवानी पहुंचने पर प्रदेश के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने केबिनेट मंत्री को अक्तूबर माह में भिवानी में आयोजित होने वाले जीण माता के विशाल जागरण में आमंत्रित भी किया।

## बीआर स्कूल में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**चरखी दादरी।** बीआर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिरही कलां में विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यार्थियों के लिए विशेष अभियान का आयोजन किया। इस दौरान छात्रों ने घर पर रहकर ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यालय चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को पर्यावरण से संबंधित चार्ट बनाने, पौधे लगाने को प्रोत्साहित किया।

## जनता दरबार लगाकर विधायक ने सुनीं समस्या

**चरखी दादरी।** भाजपा के दादरी विधायक सुनील सांगवान ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय में जनता दरबार लगाकर समस्याएं सुनीं। विधायक ने जनसमस्याओं का तुरंत समाधान करवाने के लिए अधिकारियों को फोन करके निर्देश दिए। जनता दरबार में आए लोगों ने कहा कि जनता दरबार में लोगों के बीच बैठकर समस्याओं को सुनते हुए भाजपा विधायक सुनील सांगवान ने वीवीआईपी कल्चर को खत्म करने का काम किया। इससे आम आदमी खुश नजर आया कि वो सीधे विधायक से मिलकर अपनी बात रख सकता था।

## समधान न होने पर 15 से आमरण अनशन

**भिवानी।** वार्ड नं. 27 से लगातार 8वीं बार पार्षद गोविन्द्राम शर्मा उर्फ बिल्लू बादशाह ने वार्ड में पानी की समस्या को लेकर उपायुक्त महावीर कौशिक को पत्र सौंपा। बिल्लू बादशाह ने कहा कि अगर शीघ्र से शीघ्र उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे 15 जून से आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेवारी जनस्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन की होगी। पार्षद बिल्लू बादशाह ने बताया कि शहर के मुख्य चिड़िया घर जलघर से सुबह शहर में पेयजल आपूर्ति शुरू की जाती है लेकिन कई मुख्य गलियों में पानी नहीं पहुंच पाता।

### गांव जाटू लोहारी में नवनिर्मित महर्षि वाल्मीकि मंदिर का किया उद्घाटन

# हमें अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारवान बनाना होगाः कृष्ण बेदी

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि जल्द ही ई-लाइब्रेरी शुरू की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार जरूरतमंदों भी भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा नई-नई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारवान बनाना होगा।

आज के युवा ही हमारे कल का भविष्य है। होनहार युवा शक्ति ही देश, प्रदेश व समाज को तरक्की पर लेकर जाती है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री बेदी शुक्रवार को गांव जाटू लोहारी में निर्माणाधीन महर्षि वाल्मीकि भवन परिसर में आयोजित सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भवन परिसर में नव निर्मित महर्षि वाल्मीकि मंदिर का उद्घाटन भी किया। उन्होंने भवन के लिए 15 लाख रूपए डी प्लान के तहत तथा 10 लाख रुपये स्वयं के कोटे से देने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने कहा कि गांव में जल्द ही ई-लाईब्रेरी शुरू की जाएगी।





भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित लोगों को संबोधित करते मंत्री कृष्ण कुमार बेदी व गांव लोहारी जाटू में भगवानी वाल्मीकि मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ करवाते मंत्री। *फोटो: हरिभूमि*

### बाबा जगन्ननाथ धाम मंदिर भी गए

बेदी ने कहा कि आज के होनहार बच्चों में उनकी तस्वीर भी दिखाई देती है, जो आने वाले समय में देश का नेतृत्व करेंगे और उच्च पदों पर आसीन होंगे। हमें अपने बच्चों को ऐसा संस्कारवान बनाना है, जिन पर समाज को गर्व हो। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा की इस दौर में कड़ी मेहनत करने वाले बच्चे ही कामयाब होते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने समाज के प्रति अपने दायित्व को समझना होगा। बेदी ने कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की, जो समाज को सही दिशा व दशा देने का काम करती है। हमें महर्षि वाल्मीकि के उपदेशों से शिक्षा लेनी चाहिए। प्रदेश सरकार भी संत-महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। महर्षि वाल्मीकि भवन में पहुंचने से पहले श्री बेदी गांव में बाबा जगन्ननाथ धाम मंदिर में पहुंचे और सवामणी का प्रसाद के साथ पूजा-अर्चना कर प्रदेश में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

### सरपंच ने रखी मंत्री के समक्ष अनेक मांगें

ग्राम पंचायत की तरफ से सरपंच प्रतिनिधि मुकेश ने चौहान पाना तालाब का सौंदर्यीकरण करवाने, कुपरान पाना में वाल्मीकि चौपाल बनवाने, धोबी तालाब व तिरहान पाना तालाब की रिटेनिंग वाल बनवाने, राजकीय कन्या स्कूल में हाल का निर्माण करवाने, गांव में ग्राम सचिवालय भवन का निर्माण करवाने तथा इंद्रा कॉलोनी में गंदे पानी की निकासी के लिए नाले के निर्माण करवाने का मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री बेदी, विधायक श्री वाल्मीकि, जिलाध्यक्ष विरेन्द्र कौशिक और नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री सहित अन्य मेहमानों का पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट दीपेश सारसर ने किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेत्री मीना परमार, सुलेख तंवर, सेवानिवृत इटीओ सुरेन्द्र परमार, विजय शर्मा, शीतल मान, कृष्ण मास्टर, रविन्द्र बोहल, सचिन सरदाना बलियाली, ताराचंद सिपर, सुरेश भुरटाना, विनोद मुंढ़ाल आदि आस-पास क्षेत्र के अनेक गांवों के प्रतिनिधियों सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी

बवानीखेड़ा से विधायक कपूर वाल्मीकि ने कहा कि हल्का बवानीखेड़ा में सार्वजनिक विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ करवाया जाएगा। हल्के में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हल्के में विकास कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि आमजन के सहयोग से हल्का बवानीखेड़ा को विकास के मामले में अव्वल स्थान पर लेकर जाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष विरेन्द्र कौशिक ने मंत्री श्री बेदी का गांव जाटू लोहारी और जिला भिवानी में पहुंचने पर स्वागत व आभार प्रकट किया। महर्षि वाल्मीकी सभा के अध्यक्ष राज कुमार सारसर ने गांव के स्कूल में सांईस व कॉमर्स शुरू करवाने के वाल्मीकी भवन में ई-लाईब्रेरी शुरू करवाने की मांग रखी।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती देते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

## वैश्य मॉडल में मनाया जा रहा भारतीय भाषा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- विद्यार्थियों ने पंजाबी भाषा में नशामुक्ति विषय पर एक लघु नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया

वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में भारतीय भाषा उत्सव के तहत समर कैंप का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। उत्सव के दौरान सीबीएसई एवं शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को मनोरंजक ढंग में बहुभाषावाद के तहत अंग्रेजी व हिंदी से पृथक संस्कृत एवं पंजाबी भाषा संबंधी ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थी भी समर कैंप में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपने कौशल में संवर्धन कर हर्षित महसूस कर रहे हैं।

### चार साहिबजादे फिल्म बच्चों को दिखाई गई

भारतीय भाषा उत्सव के तहत आज पांचवे दिन विद्यार्थियों को सिख गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों के जीवन पर आधारित पंजाबी फिल्म 'चार साहिबजादे' दिखाई गई जिसमें अंग्रेजी व हिंदी के उप-शीर्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों ने फिल्म में दिखाए जा रहे घटनाक्रम को समझा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पंजाबी भाषा में नशामुक्ति विषय पर एक लघु नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया एवं कुछ विद्यार्थियों ने संस्कृत भाषा में देशभक्ति की कहानियां प्रस्तुत कीं। प्रधानाचार्या कमला गुरेजा ने बताया कि विद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन एक सफल एवं समृद्ध अनुभव रहा है एवं वे चाहेंगी कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नई भाषाएं सीखने एवं देश की विविध संस्कृति को समझने का मौका दिया जाए। उन्होंने उन सभी शिक्षकवृंद का धन्यवाद किया जिन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से विद्यार्थियों के भाषा संवर्धन में भूमिका निभाई।

## जया और मानवी ने जीता कांस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- कायाकल्प योग केंद्र में रेनु वर्मा व कविता अहलावत ने किया स्वागत

हाल ही में पंचकूला के देवीलाल स्टेडियम में अंतर केंद्र राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में भिवानी के कायाकल्प योग केंद्र की दो खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया है। दोनों खिलाड़ियों का केंद्र में पहुंचने पर स्वागत किया। कायाकल्प योग केंद्र की संचालिका योगाचार्य रेनु वर्मा व कविता अहलावत ने बताया कि पंचकूला में हुई अंतर केंद्र राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में केंद्र की जया वर्मा व मानवी ने लड़कियों के जूनियर वर्ग में 14 से 18 आयु वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। रेनु वर्मा व कविता अहलावत ने बताया कि जया वर्मा और मानवी दोनों ही बेहतर योगा खिलाड़ी हैं, जिन्होंने पहले भी राज्य व राष्ट्रीय स्तर की योग प्रतियोगिताओं में अपना बेहतर प्रदर्शन किया है। योगा केंद्र में पहुंचने पर योगा खिलाड़ियों ने भी उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।





भिवानी। कोच के साथ पदक विजेता खिलाड़ी।

## शिकायत का समाधान ही सर्वोच्च प्राथमिकता

**तोशाम।** राज्यसभा सांसद किरण चौधरी द्वारा आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में आई नागरिकों की शिकायतों का सम्बंधित विभागों के अधिकारी त्वरित समाधान करें। क्योंकि नागरिकों का शासन-प्रशासन में भरोसा समय के साथ और बढ़ता जा रहा है। जन संवाद कार्यक्रमों में मंत्री और सांसद गणों तथा समाधान शिविर में अधिकारीयों द्वारा नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाता है। एसडीएम डॉक्टर अशवीर सिंह नैन शुक्रवार को अपने कार्यालय में अधिकारियो संग विभाग वार जन संवाद कार्यक्रमों में विभिन्न प्रकार की नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों और मांगो की एक-एक करके समीक्षा की।

## पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट का पौधरोपण अभियान

- पौधरोपण का छोटा कदम बड़े बदलाव की शुरूआत: सैनी
- पर्यावरण की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी: संभ्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सेक्टर-13 स्थित पुलिस चौकी में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने पौधरोपण अभियान चलाया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और हरियाली को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौकी इंचार्ज दीपक सैनी ने की। चौकी इंचार्ज दीपक सैनी व ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। हम आज प्रकृति के लिए कुछ नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पौधरोपण का ये छोटा कदम एक बड़े बदलाव की शुरुआत हो सकती है। मौके पर चौकी इंचार्ज दीपक सैनी, एएसआई सुभाष, रविंद्र, उत्तम, विरेन्द्र मिंटू, अभिषेक, साहिल, रविंद्र रंगा, अमन कोहाड़, यशवीर सिंह, निवास, दीपक व आरिफ मौजूद रहे।





भिवानी। पौधरोपण करते चौकी इंचार्ज दीपक सैनी, सुरेंद्र संभ्रवाल व अन्य।

## एचडी के बच्चों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ के विद्यार्थियों ने ग्रीष्म अवकाश होने पर भी घर पर रहते हुए पर्यावरण दिवस मनाया। स्कूल के स्टाफ सदस्यों व बच्चों ने पर्यावरण पर गहरी चिंता व्यक्त की और इससे निपटने के लिए इस दिवस पर घर पर ही पौधे लगाकर लोगों को उत्साहित किया। स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने बताया कि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने के उद्देश्य से हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाते हैं। हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल होते हैं, जैसे कि हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे, जानवर और अन्य जीव-जंतु। पर्यावरण के घटक परस्पर एक-दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने के उद्देश्य से हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाते हैं।



चरखी दादरी। पौधा रोपण करता एचडी स्कूल का विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

## मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा

- वैश्य महाविद्यालय ने लगाई मीठे दूध के शरबत की छबील राहगीरो ने भी खूब चखा प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

निस्वार्थ भाव से की गई मानवता की सेवा वास्तव में सबसे बड़ी व सच्ची सेवा है। यह बात निर्जला एकादशी पर वैश्य महाविद्यालय परिवार द्वारा लगाई मीठे दूध के शरबत की छबील का शुभारंभ करते हुए वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कही।उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है और कहा जाता है कि इस दिन व्रत रखने से साल भर की एकदशी का पुण्य प्राप्त हो जाता है। इस दिन कुछ विशेष चीजें दान करने से दुर्भाग्य दूर हो जाते है और अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। गत वर्षो से निरन्तर सेवा में तत्पर वैश्य महाविद्यालय परिवार द्वारा इस बार भी आज निर्जला एकादशी के पुण्य अवसर पर वैश्य महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर मीठे दूध व गुलाबयुक्त शरबत की छबील लगाकर आमजन की सेवा की। सुबह से ही राहगीरो की प्यास बुझाने के लिए लगाई गई छबील राहगीरों के कलेजे को ठंडक पहुंचा रही थी । ठंडा व मीठे दूध व शरबत लेकर हर आते-जाते की तरफ सम्मान से दोड़ते हुए महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने आमजन की जमकर शाबाशी बटोरी।



भिवानी। निर्जला एकादशी पर राहगीरों को पानी पिलाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

## शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग जरूरीः कविता

- नई पुलिस लाइन में हुआ योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**भिवानी।** आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग द्वारा अंतर राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों में जिला भिवानी में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ रश्मि शर्मा के आदेशानुसार नई पुलिस लाइन में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डीएसपी अनुप कुमार ने स्वयं शिविर में शामिल होकर योग किया। वहीं योगाचार्या कविता अहलावत ने बताया कि शिविर में सभी को यौगिक जॉगिंग, सूक्ष्म अभ्यास, आसन प्राणायाम ध्यान करवाते हुए उनके चमत्कारिक गुणों के बारे में बताया गया। डीएसपी अनुप कुमार ने कहा कि पुलिस कर्मचारियों पर काम का अत्यधिक दबाव रहता है। ऐसे में वे नियमित योग क्रियाएं कर तनाव मुक्त रहकर स्वस्थ्य जीवन शैली को अपना सकते हैं।

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी
सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए
OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612

### एमडीएम कर्मियों ने शिक्षामंत्री को सौंपा 11 सूत्रीय मांगपत्र

# शिक्षामंत्री आवास पर गरजी मिड-डे-मील कर्मी

- चिकनी-चुपड़ी बातों से नहीं, मांगें पूरी होने पर ही होगा एमडीएम का गुस्सा शांत: राजबाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी से संबंधित मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन के आह्वान पर प्रदेशभर से हजारों मिड-डे-मील कूक ने शिक्षामंत्री के पानीपत आवास की ओर कूच कर जोरदार प्रदर्शन किया। मिड-डे-मील कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न बंद करने, यूनियन नेत्री कुसुम पांचाल को बहाल करने सहित अनेक मांगों को लेकर मिड डे मिल कर्मी बिफरी और इंकलाब जिंदाबाद जैसे नारों से आसमान गूंज उठा। इस दौरान कर्मियों ने हाथों में बैनर व पट्टिकाएं लेकर शिक्षामंत्री के आवास पर जोरदार प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपकर मांगें जल्द माने जाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने 11 सूत्री प्रमुख मांगों का ज्ञापन शिक्षामंत्री के नाम उनके प्रतिनिधि मास्टर गुलाब सिंह को दिया और आग्रह किया कि शिक्षामंत्री यथाशीघ्र यूनियन के प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर बातचीत करें।



भिवानी। शिक्षा मंत्री आवास पर ज्ञापन सौंपती एआईयूटीयूसी से संबंधित मिड-डे-मील कार्यकर्ता व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

प्रदर्शन में सोनीपत, पानीपत, हिसार, भिवानी, दादरी, रोहतक, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़, झज्जर, नूंह, गुड़गांव, कैथल, करनाल सहित अनेक जिलों की मिड-डे-मील कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी की। इस मौके पर महासचिव कुसुम पांचाल, पुष्पा महेन्द्रगढ़, मुनेश रेवाड़ी, अत्री पानीपत, रेखा सोनीपत, देवकी नूंह, सुमन, बिमला दादरी, मीरा भिवानी, संतरा व मुकेश हांसी, एआईयूटीयूसी के प्रदेश उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह राठी, प्रदेश सचिव हरिप्रकाश, सूबेसिंह यादव, कामरेड राजकुमार बासिया, मेहरसिंह व धर्मबीर आदि मौजूद रहे।

## मां भगवती की तृतीय निशान यात्रा एवं द्वितीय जागरण व भंडारा कल

- प्रात: सवा 5 बजे भोजावाली मंदिर से शुरू होकर देवसर धाम पर संपन्न होगी निशान यात्रा: सचिन

**भिवानी।** मां भगवती भोजन सेवा समिति भिवानी एवं श्रीराधा रानी कृपा परिवार द्वारा 8 जून को शिवनगर स्थित लिबर्टी होम के सामने लक्ष्मी नारायण मंदिर में द्वितीय मां भगवती का विशाल जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु सचिन सिंगला, हर्ष गोयल, पंकज तायल, दीपांशु गोयल, कृष्ण तायल, नरेश अरोड़ा व शिवम बंसल ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ पहुंचेंगे। इसके अलावा गणेश पूजन संदीप तायल, राम दरबार पूजन सुरेंद्र राठौड़, शिव परिवार पूजन सुमित खेमका, श्याम प्रभु पूजन प्रेमचंद्र तायल, राधा कृष्ण पूजन रघुनंदन सिंगला, दुर्गा पूजन विनय गोयल, हनुमान पूजन राजेश मंगला, कमल शपूजन रविंद्र बौंदिया, सरस्वती पूजन मुकेश बंसल करेंगे। चेतननाथ महाराज, श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज व महंत चरणदास महाराज का सान्निध्य रहेगा।